an>

Title: Need to widen the Hammir Bridge at railway station at Sawai Madhopur, Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनपुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सवाई माधोपुर में विश्व प्रसिद्ध रणथम्भौर नेशनल पार्क है जिसमें लाखों की संख्या में हर वर्ष देश-विदेश से पर्यटक घूमने आते हैं। सवाई माधोपुर शहर में बहुत बड़ा रेलवे स्टेशन है जिसमें लाखों की संख्या में यात्री आते-जाते हैं। सवाई माधोपुर में सात मीटर चौड़ा हम्मीर ब्रिज लाईन पर सन् 1945 से पूर्व का बना हुआ है। परन्तु बढ़ती हुई आबादी एवं वाहनों के मद्देनज़र इस पुल पर दिन में अनेकों बार यातायात अवरूद्ध हो जाता है। वर्तमान में अधिक लम्बे एवं भारी वाहनों की संख्या बहुत ज्यादा होने के कारण पुल के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बढ़ती जा रही है। यह पुल एकमात्र विकल्प है जो पुराने शहर सवाई माधोपुर को नये शहर बजरिया मानटाउन एवं पंचायत समिति मुख्यालय खण्डार तथा मध्य प्रदेश के यातायात को जोड़ रहा है। भविष्य में संभावित दुर्घटना पूर्ण रूप से बंद होने की स्थिति है। सवाई माधोपुर शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए इस हम्मीर ब्रिज को दोनों तरफ 5-5 मीटर चौड़ा किया जाए, जिसकी अनुमानित लागत 6092.00 लाख रूपये है।